हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 24 जून 2024


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


9 हास्य कवियों ने देर रात तक रचनाएं सुनाई, बांधा समा...



10 दो बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठा रहे दुष्यंत



[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]



प्रवेश प्रारंभ BCA PGDCA DCA B.P.Ed. B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


# हरी सब्जियों के दाम आसमान में, प्याज 40 तो टमाटर 80 रुपए किलो में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों हरी सब्जियों के भाव आसमान छुने लगा है, टमाटर जहां 80 रूपये किलो हो गया है। वहीं प्याज 40 से 50 रूपये प्रति किलो के दर से मिल रहा है, और प्याज के अलावा अन्य सब्जियॉ भी काफी मंहगे दामों पर बिक रही है, जो रसोई में गृहणियों के आंसू निकाल रही है। सब्जी में स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोग किये जाने वाला हरा धनिया कुछ इस तरह से बेस्वाद हुआ है कि निम्न और मध्य वर्गीय परिवार ने इसे खरीदना ही बंद कर दिया है, अचानक सब्जियों के दाम बढ़ने के कारण घर का बजट बिगड गया है, चार व्यक्तियों के परिवार में पहले जहां महीने भर में सब्जी 2000 हजार रूपये खर्च हो रहे थे वह बजट बढ़कर 3000 हजार रूपये तक पहुंच गया है। सब्जियों के भाव बढ़ने के कारण मौसम को बताया जा रहा है, मई महीना में पडी भारी भीषण गर्मी के कारण कई जगह सब्जी की फसल खराब हो गई जिससे आवक कम होने से अचानक सब्जी के भाव तेज हो गये, पिछले एक पखवाडे से हरी सब्जियों की कीमत में भारी तेजी देखने का मिल रही है।

## दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ा

### लहसुन 200 रूपये किलो बिक रहा

मिली जानकारी के अनुसार लहसुन थोक में 160 से 200 रूपये किलो, धनिया 150 से 200 रूपये किलो, अदरक 120 से 150 रूपये किलो, बंदे गोभी 60 रूपये किलो, फुल गोभी 80 रूपये किलो, पालक 60 रूपये किलो, बैगन 50 रूपये किलो, लौकी 40 रूपये किलो, खीरा 40 रूपये किलो, हरी मिर्च 80 रूपये किलो, तोरई 60 रूपये किलो, शिमला मिर्च 80 रूपये किलो, परवल 90 रूपये किलो, करेला 80 रूपये किलो थोक में बिक रहा है।



### एक सप्ताह में सब्जी के भाव हुए दुगुने

इस सबंध में चर्चा करने पर गृहणी सविता जांगडे ने बताया कि एक सप्ताह में सब्जी के भाव दोगुने हो गये हैं, बाजार जाये तो समझ नहीं आता कि क्या खरीदा जाये, हर सब्जी मंहगी हो गई है आगे पता नहीं कब तक चलेगा, गृहणी मालती कोर्राम, अनिता, कलेन्द्री, प्रेमलता, सुलोचना, बजैती नागेश ने बताया कि प्याज 50 से 60 रूपये किलो बिक रहा है, पिछले एक सप्ताह में सब्जियों की कीमत में भारी ईजाफा हुआ है। जिससे मध्यम और निम्न वर्ग के लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एसडीम की समझाइश के बाद चक्काजाम स्थागित

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम तौरंगा में बिजली लगाने की मांग को लेकर युवा संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष यूमेंद्र कश्यप के नेतृत्व में 24 जून को नेशनल हाईवे 130 ब में चक्काजाम करने की चेतावनी दिया गया था और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक सप्ताह पहले इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया था इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में लिया मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने युवा संघर्ष मोर्चा के सदस्यों एवं ग्रामीणों को समझाया कि ग्राम तौरंगा एवं आसपास गांव में बिजली लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है टाइगर रिजर्व क्षेत्र है वन विभाग द्वारा एनओसी जारी करने पर बिजली लगाने की कारवाई किया जाएगा एसडीएम के समझाइए के बाद 24 जून को होने वाले चक्काजाम को स्थगित कर दिया गया है, युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष यूमेंद्र कश्यप ने बताया प्रशासन द्वारा बिजली लगाने का आश्वासन दिया गया है जिसके कारण आगामी कुछ दिनों के लिए चक्काजाम को स्थगित किया जाता है।

### एक सप्ताह में तीन लोगों को सर्प ने डसा

मैनपुर। मैनपुर वनांचल क्षेत्र में बारिश प्रारंभ होते ही जहरीले कीडे- मकोडे और जीव- जन्तुओं का डर बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह में 3 लोगों को जहरीले सर्प ने काटा, लेकिन समय पर अस्पताल पहुंचने से तीनों की तबियत ठीक है। मिली जानकारी के अनुसार बारिश प्रारंभ होते ही मैनपुर क्षेत्र में भारी तादात में सर्प जमीन के भीतर से निकलने लगते हैं घने जंगल होने के कारण हमेंशा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील किया जाता है कि जमीन पर न सोये और मच्छर दानी का उपयोग करें पिछले एक सप्ताह के भीतर ग्राम जुंगाड से एन. रावत उम्र 53 वर्ष को सर्प ने काट दिया। वहीं सुमन बाई उम्र 50 वर्ष एवं गरीबा निवासी परमिला बाई को खेत के बाड़ी में काम करते समय सर्प ने काट दिया, समय पर अस्पताल लाने से तीनों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।

### बैल से टकराई बाइक चालक का टूटा पैर

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में शराब दुकान जाने वाला त्रिराहे पर शराब के नशे में युवक तेज रफ्तार मोटर सायकल चलाते आ रहा था। ईधर से बैल की झुण्ड दौडते हुए मोटर सायकल के सामने आ गया जिससे युवक मोटर सायकल से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में बायां पैर टूटने से युवक को रायपुर रिफर किया गया है, युवक ढोहेल निवासी मुकेश बताया जा रहा है जो किसी कार्य से गरियाबंद गया था और वापसी में मैनपुर शराब दुकान से निकल रहा था।

### बायपास से 12 किलोग्राम गांजा जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 22 जून को मुखबिर की सूचना पर रात करीब 10:30 बजे एनएच 353 रोड़ रायपुर बायपास के पास एक व्यक्ति से करीब 12 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि एनएच 353 रोड़ रायपुर बायपास के पास आरोपी शेख सद्दाम पिता स्व. हमिद शेख (34 साल) निवासी बसना अवैध रूप से 12 किलो गांजा कीमत 1,80,000 रुपए को बिक्री करने के लिए रखा जाना पाया गया।

## उपलब्धि : आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को मिला नए सुविधा युक्त भवन का लाभ

# मनरेगा योजना से संवर रहीं आंगनबाड़ियां दो साल के भीतर 14 केंद्रों का हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में अधिकांश आंगनबाड़ी भवनों की हालत बेहद जर्जर हो गई है, मनरेगा योजना के तहत आंगनबाड़ी भवनों को संवारा जा रहा है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 02 वर्ष के भीतर मनरेगा योजना के तहत 14 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, प्रत्येक आंगनबाड़ी की लागत 6 लाख 45 हजार रूपये है और सभी आंगनबाड़ियों में शौचालय की भी व्यवस्था किया गया है, गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचलों के ग्रामों में लंबे समय से आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग किया जा रहा था मनरेगा योजना के तहत अब कई जगह आंगनबाड़ी भवन के निर्माण हो जाने से आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को बेहतर सुविधा मिल रही है, साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे बच्चे आकर्षित हो। मनरेगा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मैनपुर रमेश कंवर ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में ▶▶|शेष पेज 8 पर




### जनमन योजना के तहत आंबा भवन के लिए राशि स्वीकृत

प्रधानमंत्री जनमन योजना अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मैनपुर विकासखण्ड के आदिवासी कमार बाहूल्य ग्रामों में 07 आंगनबाड़ी भवन जिनमें खसेरपारा, छोटेगोबरा, भालुचआ, पानीगांव अन्तर्गत हरिजनपारा, कोतराडोंगरी, कुहीमाल एवं गोलमाल के लिए स्वीकृति लिया गया है, प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन के लिए 11 लाख 69 हजार रूपये के लागत से बनाया जायेगा। तथा उन्हें आगमी 3 माह के भीतर निर्माण कराने के निर्देश दिये गये, शासन के उक्त निर्णय से जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में लोगों में खुशी का माहौल है।

### बच्चों की बुनियादी शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी बेहद जरूरी

ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी में 0 से 5 वर्ष तक के सुनहरा भविष्य के लिए आंगनबाड़ी बेहद जरूरी है, आंगनबाड़ी में बच्चों को पुरक पोषण आहार के प्रारंभिक शिक्षा से प्रदान किया जाता है और मनरेगा योजना के तहत आंगनबाड़ी भवन निर्माण से काफी हद तक आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने में इसका लाभ मिलेगा। मैनपुर ब्लॉक के भुतबेडा, खासरपानी एवं कोकडी में नया आंगनबाड़ी के लिए 11 लाख 59 हजार रूपये स्वीकृत है। मैनपुर विकासखंड के ग्राम शोभा क्षेत्र क्षेत्र में आम जन सुविधा न मिलने के कारण लोकसभा निर्वाचन 2024 का बहिष्कार किया जा रहा था, इस पर गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्रामीणों को चुनाव उपरांत निर्माण कार्य कराने के लिए भरोसा दिलाया था, कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभाग के अधिकारियों ने आसपास के ग्रामजनो से बैठक लिया गया था, उनके मांग के अनुरूप 19 जून को 03 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृत परियोजना मैनपुर के ग्राम भूतबेड़ा, खासरपानी एवं कोकड़ी में नया आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराये जाने के लिए जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा 11 लाख 69 हजार रूपये, जिसमें से 08 लाख मनरेगा मद से 2 लाख महिला एवं बाल विकास विभाग एवं 1 लाख 69 हजार रूपये ग्राम पंचायत के 15वें वित्त की राशि से मिलाकर भवन का निर्माण कार्य करने हेतु स्वीकृति दी गई है।

# परसदाकला सड़क पर भरा पानी शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं



### लोनिवि के अड़ियल रवैए से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिगेंश्वर से परसदाकला होते बेलर पहुंचने वाली व्यस्तम सड़क जगह- जगह गढ्ढे में तब्दील हो गया है। परसदाकला के बीचों -बीच यह सड़क निकली है। यहां इस बीच में गढ्ढा है। जिसमें पहली ही बारिश में पानी भराव हो गया है। सड़क पर गड्ढा होने से बारिश के पानी निकासी नहीं होने के कारण हर वर्ष बारिश के समय सड़क पर पानी भर जाता है। परसदाकला ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग सब डिविजन फिगेंश्वर सब इंजिनियर नवीन श्रीवास्तव को सूचित कर बारिश पूर्व सुधार करने की मांग किया गया था। यही नहीं विगत तीन वर्षों से सुधार के लिए आवेदक दिया जा रहा है। लेकिन कोई सुध नहीं लिया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग फिगेंश्वर की अडियल अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने राहगीरों की परेशानी को नजर अंदाज करने से पानी भरने के कारण पैदल एवं अन्य साधन के राहगीरों को यहां से निकलने में परेशानी होती है।

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामो में 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस आदिवासी समाज द्वारा मनाया जाऐगा। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आदिवासी युवा प्रभाग द्वारा गोडवांना की महान विभूति विरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस सुबह 11 बजे शहीद वीर नारायण चौक जिडार रोड में मनाया जायेगा। आदिवासी युवा नेता महेन्द्र नेताम ने बताया कि 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया जायेगा। उन्होने कहा कि भारतीय इतिहास रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं की गौरशाली शौर्य गाथाओं से भरा हुआ है, रानी दुर्गावती किसी के आगे घुटने नही टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया। मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।



### रानी दुर्गावती चौक पर मूर्ति स्थापना आज

**छुरा/मुड़ागांव(कोरासी)।** सर्व आदिवासी समाज व गोड़ी धर्म संस्कृति संरक्षक समिति 24 जून को छुरा नगर के बस स्टैंड में वीरांगना रानी दुर्गावती चौक में मूर्ति स्थापना सुबह 9 बजे से किया जाएगा। जहां सर्व समाज पितृ शक्तियां धोती पहनकर, मातृ शक्तियां प्राकृतिक धर्म का पालन कर अधिक संख्या में शामिल होने की अपिल की गई है।

# जिले के 12 स्काउट गाइड कुल्लू मनाली रवाना हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार, संतोष उपाध्याय जिला संघ अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में डीओसी स्काउट आशीष कुमार एवं डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास पर्वतारोहण शिविर में जिला गरियाबंद के 4 गाइड 6 स्काउट 1 स्काउटर एवं 1 गाइडर कुल 12 प्रतिभागी शिविर के लिए रवाना हुए है। पर्वतारोहण शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पांडुका से डिगेश्वरी, रावड़ से यामिनी, कन्या गरियाबंद से पदमा निर्मलकर, कन्या राजिम से ▶▶|शेष पेज 8 पर

## सड़क किनारे गढ्ढे से दुर्घटना की आशंका...



मैनपुर। मैनपुर कुल्हाडीघाट मुख्य मार्ग में जिडार के पास पहली ही बारिश में सड़क किनारे बड़े-बड़े गढ्ढे हो गये है, जिससे हमेंशा दुर्घटना का अदेंशा बना रहता है। ज्ञात हो कि अभी डेढ़ माह पूर्व इस सड़क में लाखों रूपये खर्च कर मरम्मत कार्य किया गया था, बावजूद इसके सड़क किनारे गढ्ढे विभाग के कार्यशैली को बताने के लिए काफी है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड नं. 5 गणेश पारा में एक युवक ने फांसी लगा ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 जून को रात करीब 10 बजे शुभम बंसल पिता स्व. प्रेमचंद (25 साल) निवासी वार्ड नं. 5 गणेश पारा बागबाहरा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

### खुले सर्किट बाक्स दे रहा है दुर्घटना को आमंत्रण

**मैनपुर।** नगर सहित क्षेत्र के अधिकांश बिजली ट्रांसफार्मर में खुले सर्किट बाक्स दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। कई बार बिजली विभाग से खुले सर्किट में बाक्स लगाने की मांग किया जा चुका है, मैनपुर नदीपारा मार्ग में तालाब मेड के किनारे हमेशा बच्चे खेलते रहते हैं। यहां जमीन सतह से महज 3 फीट की उंचाई में सर्किट बाक्स लगा है जो खुला है और इसके बिजली के तार में करंट दौड रहा है, कभी भी गभीर दुर्घटना की अंदेशा बना है।



## कोपरा में ग्राम तीर्थ प्रवज्या कार्यक्रम

# गायत्री परिवार ने 652 घरों में ज्ञान यज्ञ की जगाई अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा ग्राम तीर्थ प्रवज्या के अंतर्गत घर-घर संपर्क कर ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने हम घर-घर में जाएंगे उद्घोष को चरितार्थ किया जा रहा है। इसके लिए क्षेत्र के परिजन नगर में घर- घर जाकर के मनुष्य में देवत्व का उदय तथा धरती पर स्वर्ग के अवतरण की अवधारणा को चरितार्थ करने के लिए परिवार को संस्कारित बनाने के लिए परम पूज्य गुरुदेव का संदेश देते हुए आगामी 3 जनवरी से 6 जनवरी 2025 तक गरियाबंद में होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए आमंत्रण देकर मंत्र लेखन की कापी आरती एवं चालीसा का पुस्तक प्रदान कर रहे हैं। तथा प्रत्येक घरों में विधिवत सुबह एवं शाम को पूजा उपासना करने की विधि को बताते हुए परिवार को संस्कृत बनाने का प्रयास कर रहे हैं इस कार्यक्रम में फिंगेश्वर विकासखंड के साथ-साथ जिले के भी परिजन भाई एवं बहन गुरु कार्य के लिए समर्पित होकर अपना योगदान दे रहे हैं। सबसे बड़ी आबादी वाले इस नगर में आज लगभग 652 घरों में ज्ञान यज्ञ की ज्योति के लिए गायत्री परिजनों ने अलख जगाई है।





### जिले के प्रत्येक गांव में चलेगा कार्यक्रम

24 को भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा और प्रत्येक घरों से संपर्क होते तक यह कार्यक्रम चलता रहेगा। गायत्री परिजनों के द्वारा अभी जिले के नगर पंचायतों को लक्ष्य करके यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसके पश्चात जिले के प्रत्येक गांव में भी यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से टीकम राम साहू जिला समन्वयक, रोमन लाल चंद्राकार संगठन प्रमुख, चंद्रहास सिंह, राजपूत, परदेसी राम साहू, टीकाराम साहू, दिन राम साहू, राम आधार साहू, कोमल सिंह, रावत, हुलस राम यादव, टीकमचंद सेन, सरस लाल सेन, खिलावन सेन, पुरुषोत्तम यादव, यामिनी यादव, डाली साहू, अंजू साहू, सीमा प्रभा साहू, विष्णु सिंहा, लक्ष्मी सिंहा, प्रेमलता यादव, कोमल साहू, शेषनारायण साहू, देश राम साहू, गिरजा साहू, सीताराम साहू आदि परिजनों का सहयोग रहा।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# आज से नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत

**खबर संक्षेप**



### वित्त मंत्री, पद्मश्री और सांसद का रजक ताज से किया अभिनंदन

**रायपुर।** धोबी समाज द्वारा ईडन गार्डन रायगढ़ में महाधिवेशन और रजक महोत्सव मनाया गया। इस अधिवेशन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पद्मश्री रामलाल बरेठ सहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस आयोजन में आने वाले थे, परंतु कुछ प्रशासनिक जरूरी काम आ जाने के कारण वे नहीं आ सके, उनके प्रतिनिधि के रूप में हम स्वयं पहुंचे हैं। समाज का कोई काम नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर मोदीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही।

### डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया।

### ग्रामीणों को योग का कराया अभ्यास



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धरसींवा विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कांटाडीह में शनिवार को योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ।



कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, पालकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत के पंच पुरुषोत्तम यादव एवं शिक्षक रमाकांत यादव ने ग्रामीणों को योग का महत्व बताते हुए सरल आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में मणिलाल परमार, लीलेश्वर साहू, बुधा यादव, गुलापा साहू, तिलक दास मानिकपुरी, हेमलता दलाल, फौजिया अली, डीएस पटेल आदि शामिल हुए।

---

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का 24 जून से आगाज होने जा रहा है। इस अभियान में पहली बार महिलाओं को जोड़ा जा रहा है, जो गांव-गांव चौपाल लगाकर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। इस अभियान को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम भी जारी किया है। इसके तहत 24 से 28 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## गांव-गांव में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए महिलाएं चलाएंगी मुहिम



### 11 हजार महिला समूह निभाएंगे भागीदारी

जिले के 11 हजार से अधिक महिला समूह इस अभियान में भागीदारी निभाएंगे। इस अभियान से जुड़ने वाले महिला समूह को जल वाहिनी दीदियां का नाम दिया गया है। ये वाहिनी दीदियां ग्राम पंचायतों में सभा आयोजित करेंगी और बच्चों से लेकर युवाओं-बुजुर्गों सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाएंगी।

### 25 को जागरूकता रैली

इस अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत 24 जून को जल चौपाल व शपथ दिलाई जाएगी, 25 जून को रैली, बैनर एवं दीवालों में लेखन से प्रचार-प्रसार कर घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट एवं नलकुओं में रीचार्ज स्ट्रक्चर के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार 26 जून को जल स्त्रोतों की सफाई, शासकीय भवनों में वाटर हॉर्वेस्टिग सिस्टम, पेयजल के स्त्रोतों के पास सोखता गड्ढों की साफ-सफाई एवं निर्माण, नालों में गाद की सफाई, कुओं की सफाई तथा 27 जून को वृक्षारोपण एवं सोकपिट का निर्माण, वर्षा जल को संचित करने रीचार्ज पिट, डाईक का निर्माण और 28 जून को जल की गुणवत्ता की जांच और मल्चिंग, फसल चक्र और जैविक खेती की तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी की नमी को संरक्षित करने, कृषि में पानी को कम करने, साथ ही मृदा में नमी मात्रा का परीक्षण एवं नालों में जलबहाव की मात्रा का परीक्षण किया जाएगा। विदित हो कि इस अभियान को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह बैठक ले चुके हैं। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

---

### पूर्व सीएम बघेल को नवरंगे के पिता, भाई ने आवेदन देकर लगाया गंभीर आरोप

# बलौदाबाजार घटना में कांग्रेस नेताओं का नाम लेने पुलिस बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, गिरौदपुरी के महकोनी गांव में 15-16 मई को जैतखाम को क्षति पहुंचाई गई थी। उसके बाद 10 जून को बलौदाबाजार में विरोध प्रदर्शन हुआ। आयोजनकर्ता में से एक किशोर नवरंगे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो पुलिस रिमांड पर है। उसके पिता, भाई और जीजा के साथ सतनामी समाज के लोगों ने मुझसे मिलकर आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया कि उसके साथ मारपीट की जाकर मानसिक प्रताड़ता दी जा रही है। गंभीर बात यह है कि वो कह रहे हैं कि कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम ले, तो उन्हें छोड़ देंगे। उससे गंभीर बात यह है कि वहां कलेक्टोरेट ले जाते हैं, रोज शाम को वीडियोग्राफी करते हैं। उसके हाथ में पत्थर पकड़ाया जाता है, उसे फिंकवाते हुये, उसे डंडा पकड़ाते हैं, उसे मारते हुये वीडियोग्राफी कर रहे हैं। पूर्व सीएम ने शनिवार को अपने सिविल लाइंस के बंगले में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पीड़ित के परिजनों का आवेदन आया है, वो बहुत ही गंभीर है। समाज की जो मांग है, जैतखाम को किसने क्षति पहुंचायी, उस पर पुलिस जांच नहीं कर रही है, बल्कि इस घटना को दूसरी दिशा में ले जाने का षड़यंत्र किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का नाम लो, इस प्रकार के दबाव बनाने का कृत्य पुलिस कर रही है। उन्होंने इसे घोर निंदनीय बताते हुए कहा, घटना की निष्पक्ष जांच हो, इस प्रकार से प्रताड़ति नहीं किया जाना चाहिये। जिन्होंने गलत किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

■ जांच में दूध का दूध व पानी का पानी होने जा रहा, उससे घबराकर अनर्गल आरोप लगा रहे : रंजना





#### विधायकों की कमेटी से हो जांच

बलौदाबाजार की जो घटना हुयी और जो अभी मेरे पास आवेदन आया, मेरा मानना है कि जो निरापराध है उसकी गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिये। भाजपा के समर्थक लोगों को पुलिस क्यों नहीं पकड़ रही है? पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में भाजपा और आरएसएस के लोगों ने षड्यंत्र किये हैं। मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिये। विधानसभा में विधायकों की कमेटी बनाई जानी चाहिये।

#### क्या भूपेश हिंसा का नेतृत्व कर रहे थे : रंजना

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक, बलौदा बाजार घटना की जांच समिति की सदस्य रंजना साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अनर्गल प्रलाप पर पलटवार करते हुए कहा, बलौदाबाजार में जितनी हिंसा हुई, उससे उनका पेट नहीं भरा है। वे अभी भी आग लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस प्रकार से आरोपियों के रिश्तेदार उनके पास पहुंच रहे हैं, उससे यह बात और पुख्ता हो रही है कि घटनाक्रम की पूरी रिपोर्टिंग भूपेश बघेल को भी हो रही थी। उन्होंने कहा, बलौदाबाजार की दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा व आगजनी के पीछे नेतृत्व वही कर रहे थे और अब चूंकि जांच चल रही है, उससे वे घबरा रहे हैं और घबराहट में यह अनर्गल प्रलाप रहे हैं।

#### यह सुनियोजित राजनीतक षड्यंत्र

रंजना साहू ने कहा, बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भीषण वारदात एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है और इसमें कांग्रेस की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रदेश सरकार की प्रारंभिक जांच भी इसी दिशा में स्पष्ट संकेत कर रही है। कांग्रेस ने आंदोलन को हिंसक दिशा देने की सुनियोजित तैयारी की थी। तथाकथित आंदोलनकारियों के आने-जाने के लिए वाहन, 15 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की थी। साजिश में संलिप्तता का खुलासा होने पर राजनीतिक नौटंकियां करके दबाव बनाने की कांग्रेसियों की ओछी राजनीति अब सफल नहीं होगी।

---

## राशनकार्डों का नवीनीकरण करने ई-केवायसी 30 तक कराएं

70 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों का नवीनीकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से कराने कहा गया है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही हैं। अब तक 70 लाख राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है। कुल हितग्राही 71,368 हितग्राहियों में से 71,145 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,167 हितग्राहियों में से 35,831 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला 78752 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है।

#### राशन दुकानों में निःशुल्क सुविधा

ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए। जिन सदस्यों का बाल आधार बना है, उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा इसके बाद उचित मूल्य दुकान की ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते हैं। राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।

---

## बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने की मांग, कैडर का एकजाई बनाएं डाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने व कैडर का डाटा एकजाई करने की मांग फिर से उठने लगी है। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के साथ ही तीन अन्य संघों ने शनिवार को इस मामले को लेकर एकमत होने की जानकारी देते हुए आरएल ध्रुव, विनोद कुमार कोसले ने कहा कि सरकार को अब निर्णय लेना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के साथ ही छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने एकजुट होने का निर्णय लिया है। इसमें अब सोशल जस्टिस लीगल फाउंडेशन ने भी संयुक्त रूप से मांग मनवाने के लिए प्रयास शुरू किया है।

राज्य के चार कर्मचारी-अधिकारी संघों के पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2023 के नियम 5 में नये नियम प्रतिस्थापित करके सूचना दी जाए। अभी मामले को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है। मांग करते हुए कहा कि जब तक फैसला नहीं होता, तब तक वर्ष 2019 की भांति सभी तरह के प्रमोशन पर रोक लगाने आदेश जारी किया जाए। कैडर वाइज मात्रात्मक डाटा एकजाई करके ही विधि के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा प्रमोशन नियम 2023 के नियम 5 को पुनः प्रतिस्थापित करके इसे स्पष्ट किया जाए। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों का आरक्षण अधिनियम 1994 को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने संकल्प पारित करके राज्य सरकार केंद्र को भेजें। समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया जाता है, तो कर्मचारी-अधिकारी आगामी दिनों में रणनीति बनाने के लिए बाध्य होंगे।

■ विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में रखी मांग

---

मुआवजे की राशि नगर निगम को ट्रांसफर करने की मांग

## उप मुख्यमंत्री साव से मिले महापौर ढेबर तात्यापारा चौड़ीकरण के लिए मांगे 137 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान राजधानी के तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मुआवजा की राशि नगर निगम को जल्द ट्रांसफर करने की मांग की। साव को सौंपे पत्र में एजाज ढेबर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास उपलब्ध है।

करीब डेढ़ दशक से अटके तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के मामले को लेकर महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव से मिले। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं होने से शहरवासियों को आए दिन इस मार्ग पर सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोड चौड़ीकरण के लिए पूर्व कांग्रेस शासनकाल में राज्य सरकार ने बजट में इसका प्रावधान किया था। साथ ही प्रस्ताव को प्रशासकीय मंजूरी भी दी थी। इसी को आधार मानकर महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर पत्र सौंपा। पत्र में महापौर ने कहा कि कुछ दिन पहले एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ प्रभावित व्यापारियों से चर्चा की थी। इसमें व्यापारियों ने उनसे कहा था कि मुआवजे की राशि दिलाने के बाद आगे की कार्यवाही की जाये।

#### वार्डों के विकास कार्य के लिए मांगे 20 करोड़

महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र देकर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास कार्यों के लिए कुल 20 करोड़ का अनुदान तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विदित हो, महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने इससे पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात कर उनसे इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की थी। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान मुख्य सचिव ने यह बात स्पष्ट कर दी थी कि शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 4 करोड़ रुपये की टोकन मनी जमा है। मुख्य सचिव से मुलाकात कर पत्र सौंपने वालों में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, देवेन्द्र यादव, डॉ. अन्नूराम साहू, जोन अध्यक्ष घनश्याम क्षत्री शामिल रहे।

---

पेज 7 के शेष...

### मनरेगा योजना...

2023-24 में 14 आंगनबाड़ी भवन, सरनाबाहल, दाबरीगुडा, मैनपुरकला, खजुरपदर, साल्हेभाठा, इदागांव, सगडा, सरईपानी, चलनापदर, गुलभेली, उरमाल क्रमांक 03, क्रमांक 02, जांगडा, मुडगेलमाल, दबनई में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, उन्होने बताया कि घुमरापदर और भाठीगढ में मनरेगा योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्य प्रगतिरत है।

### जिले के 12 स्काउट...

यशोदा सोनकर, परसदाकला से मनीष कुमार, अकलवारा से गुलशन कुमार, इंदागांव से युवराज, देवभोग से रंजित, कौंदकेरा से लोचन साहू, दर्रीपार से भूपेंद्र कुमार प्रतिभागी के रूप में एवं इनके साथ जिले से प्रभारी के रूप में परसदाकला से गिरवर यादव एवं उरमाल से हर्षाली उईके उक्त शिविर में सम्मिलित होने कुल्लू मनाली हेतु रवाना हुए हैं। उक्त कार्यक्रम में राज्य द्वारा प्राप्त एडवेंचर कैंप किट का वितरण पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डॉक्टर रामकुमार साहू, आजीवन सदस्य संजीव चंद्राकर, जिला सचिव आर एल साहू, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, सेजेस राजिम प्राचार्य संजय एक्का के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु, स्काउटर दुष्यंत वर्मा, वर्षा पटेल एवं प्रतिभागियों के पालक उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू ने दी।

---

## माइनिंग घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए पांच में से तीन जेल दाखिल, दो की मिली रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माइनिंग घोटाले के आरोप में पूर्व में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें शनिवार को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। पेश किए गए आरोपियों में से तीन को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। जांच एजेंसी के आवेदन पर शेष दो को 28 जून तक पूछताछ करने रिमांड दिया गया है।

लोक अभियोजक मिथिलेश वर्मा के मुताबिक कोर्ट ने मोइनुद्दीन तथा रोशन को ईओडब्लू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। ईओडब्लू के वकील ने कोर्ट को बताया कि पारेख कुमार कुर्रे, वीरेंद्र कुमार जायसवाल तथा राहुल कुमार से पूछताछ पूरी हो चुकी है। लोक अभियोजक की दलील के बाद कोर्ट ने तीनों को एक जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

***महादेव एप याचिका पर छह जुलाई को सुनवाई :*** एक अन्य मामले में महादेव सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद चंद्रभूषण वर्मा द्वारा कोर्ट में आवेदन पेश किया गया था। कोर्ट में पेश आवेदन में बचाव पक्ष के वकील ने अपने पक्षकार को झूठे केश में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए प्रकरण निरस्त करने की मांग की है, जिसकी सुनवाई शनिवार को होनी थी, लेकिन कोर्ट में बचाव पक्ष के वकील के उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई अब छह जुलाई को होगी।




# अब काजू ने खाया भाव, एक सप्ताह में दो सौ रुपए बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ दूध की कीमत में इजाफा होने के बाद जहां मिठाई कारोबारी मिठाई की कीमत में इजाफा करने की तैयारी में हैं, वहीं अब काजू की कीमत के भाव खाने के बाद काजू कतली की कीमत को लेकर भी मंथन किया जा रहा है कि इसकी कीमत में कितना इजाफा किया जाए। एक सप्ताह में काजू की कीमत दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है। इसकी कीमत बढ़ने का कारण काजू के बीजों की कीमत बढ़ना बताया जा रहा है। इसी के साथ मखाना की कीमत भी दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है।

## मिठाई कारोबारी काजू कतली की कीमत बढ़ाने की तैयारी में

### मखाना की कीमत भी बढ़ी

मखाना की कीमत में भी इजाफा हो गया है। यह बिहार से आता है। एक सप्ताह पहले इसकी कीमत 600 से 700 रुपए थी, जो 900 रुपए हो गई है, कारोबारियों के मुताबिक ड्राई फ्रूट्स की कीमत में अब दीपावली तक कमी की कोई संभावना नहीं है। आने वाले समय में दूसरे आइटमों की कीमत में भी इजाफा होगा।



### बीज की कीमत बढ़ने का असर

काजू का बीज जहां ब्राजील से आता है, वहीं कर्नाटक से भी बीज आता है। इसकी कीमत में इजाफा होने के कारण काजू की कीमत एक सप्ताह में करीब दो सौ रुपए किलो तक बढ़ गई है।

- अजय कृष्णानी, थोक कारोबारी

ड्राई फ्रूट्स की कीमत काफी समय से नहीं बढ़ रही थी, लेकिन अब इसकी कीमत में भी तेजी आने का क्रम प्रारंभ हो गया है। अभी काजू की कीमत में इजाफा हुआ है। काजू कतली के उपयोग में आने वाला टूटा काजू जो बीते सप्ताह थोक में 55 सौ रुपए दस किलो था, वह 75 सौ रुपए हो गया है। इसी के साथ खाने के काम में आने वाला छोटी साइज का काजू थोक में दस किलो जो पहले 58 सौ रुपए था, वह अब 75 सौ रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 200-220 रुपए पाव और 850 सौ रुपए किलो बिक रहा है। जयपुर का बड़ी साइज का काजू जो पहले 950-1000 रुपए किलो था, वह अब 12 से 13 सौ रुपए किलो हो गया है। यह चिल्हर में 15 सौ रुपए तक बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### आमा तालाब सौंदर्यीकरण, उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** देवपुरी स्थित आमा तालाब में सीसी रोड निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आमा तालाब क्रमांक 1 एवं क्रमांक 2 दोनों तालाब जो कि आसपास लगे हुए हैं, तालाब के चारों ओर सीसी रोड एवं पाथवे का निर्माण किया जाना है, जिससे लोगों को मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक की सुविधा मिल सके। इसकी लंबाई एवं चौड़ाई लगभग 6 मीटर प्लस 600 मीटर है। दोनों तालाब से देवपुरी बस्ती के अलावा टॉवर, हर्ष विला, देवनगर एवं माता कौशल्या विहार का आवासीय क्षेत्र लगा हुआ है। इसके अलावा दोनों तालाबों के चारों तरफ दो से तीन स्थान पर पचरी निर्माण की आवश्यकता है। जिस पर मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में एनआर नायडू, हिरेंद्र देवांगन, ऋषि बारले, पीके साहू, आईपी खटीक, खेदूराम साहू, आरडी दाहिया, शंकर गिलहरे, गजेंद्र साहू, जियाउल हक, तिहारू साहू, वीरेंद्र यादव, बी. देवनाथ, उमेश साहू, गौकरण साहू, डीके सरकार एवं केके सिंह उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, जो कि राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों के हितों के लिए गठित है, लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने से उनके पूर्व में लंबित प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, वहीं व्यथित व्यक्ति नया आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए यथासंभव शीघ्र ही अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### जागृति मंडल में मनाया समक्ष का स्थापना दिवस



**रायपुर।** डॉ. हेडगेवार जनशताब्दी समिति फिजियोथेरेपी सेंटर द्वारा संघ कार्यालय जागृति मंडल में गत दिनों समक्ष का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 30-32 लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समक्ष द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इसी दौरान अतिथियों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में अविनाश चटर्जी, सतीश कुमार, डॉ. रोहन दीक्षित, डॉ. संगीता कश्यप, शिवनाथ ठाकुर, नरेंद्र जैन, रामजी राजवाड़े, पुरषोत्तम जैन आदि शामिल हुए।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपेंगे 2500 पौधे

**रायपुर।** कार्यालय पूज्य छग सिंधी पंचायत गुरुद्वारा रोड तेलीबांधा में शनिवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजक छग सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी ने बताया कि पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप को देखते हुए सिंधी समाज में जागरूकता फैलाने, सचेत करने, आने वाली पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजोन निर्माण करने, दिनेश आनंद फार्म हाउस परसदा-4 में वृक्षारोपण के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के संचालक व संयोजक दिनेश अठवानी ने बताया, अधिक आयुवर्ग के लगभग 2500 पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें नीम, पीपल, बरगद, आम, आंवला, सीताफल, अमरूद, चीकू, मौलश्री व अन्य फलदार वृक्ष शामिल हैं।

## कार्यक्रम : सिद्ध विनायक आश्रम संचालक त्रिभुवन महाराज ने किया सम्मानित

# हास्य कवियों ने देर रात तक रचनाएं सुनाई, बांधा समा, दर्शक हुए लोटपोट






हरिभूमि न्यूज ▶▶| छूईहा बेलर

ग्राम बारूला में सिद्ध विधायक आश्रम संचालक त्रिभुवन मिश्रा बारुला के तत्वावधान मे अचंल के गुरू पुरोहित माता मालती देवी की स्मृति में एक द्विवसीय संगीतमय मानसगान सह राम कथा का व्याख्यान सुबह 11 से संध्या 7 बजे तक आयोजन किया गया था एवं रात्रि 8 बजे 12 बजे रात तक हास्य, व्यग्य का काव्यपाठ के माध्यम से माटी की महक बिखेरने वाली गीत सुनने का अवसर मिला। मानसगान कार्यक्रम में विशेष रूप से राजिम विधायक रोहित साहू मंच पर 3 बजे पहुंचे। गुरूमाता मालती देवी चित्र पर पुष्पांजली से श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा मानस ग्रंथ एवं प्रभु का पूजन किया गया। इस दौरान मंच पर भाजपा नेता रामू राम साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवामोर्चा राजू साहू, उपसरपंच बारुला सूकदेव साहू, घना राम साहू, नोश साहू, आशा राम साहू मौजूद थे। आयोजक त्रिभुवन महाराज ने गमछा भेंटकर मंच पर सम्मानित किया। मीर अली मीर साहब ने नदा जाही का रे और काकरो बेटी झन गवाही जैसी माटी की महक बिखरने वाली गीत की प्रस्तुत दी। बारूला में शनिवार को कवि पाठ कार्यक्रम हुआ। आमंत्रित कवियों का भगवताचार्य पंडित त्रिभूवन मिश्रा ने गमछा भेटकर सम्मानित किया। मंच में पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, तुलेश्वर का भी सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के लोक कवि, व्यग्य, श्रृगार रस का कवि सम्मेलन किया गया। देर रात तक चले इस हास्य कवियों ने अपनी रचनाओं को सुनाकर दर्शकों को लोटपोट कर दिया। मीर अली मीर साहब ने नदा जाही का रे और काकरो बेटी झन गवाही जैसी माटी की महक बिखरने वाली गीत की प्रस्तुत दी। बारूला दर्शक प्रशंसकों का ताली की गड़गड़ाहट से करना है कि छत्तीसगढ़ राज्य की विलुप्त होती ग्रामीण संस्कृतिक को अपने रचना के माध्यम से भागीरथी प्रयास है और सौंधी माटी की खुशबू को फैला रहे हैं। हास्य कवि गजपति साहू कोडेवा बालोद ने आमा अउ मउहा के बिहाव, बसन्ती भगागे बीरु संग, विरेन्द्र तिवारी डोंगरगांव तिजहारिन के गोठ, सुरेन्द्र अग्निहोत्री आगी महासमुंद कुकुर है भोगागे लइका सुखागे, गुरूजी थरागे मध्यान्ह भोजन आगे, कृष्णा भारती नांदगांव दरुवहा मनखे के भोरहा परोसो घर द्वारी पहुंचेव गीतों से हंस- हंस कर लोट-पोट हुए।

# देर रात तक हुई बूंदाबांदी, पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा को छोड़कर राज्य में सक्रिय हो चुके मानसून के प्रभाव से बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार रात राजधानी में काफी देर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश भी हुई। अगले तीन दिन में छिटपुट वर्षा सीमित दायरे में होगी।

■ 26 के बाद असर दिखाएगा बंगाल की खाड़ी का तगड़ा सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम का प्रभाव 26 जून के बाद नजर आएगा। उस दौरान राज्य में व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना बन रही है। अभी मानसून के प्रभाव से केवल सरगुजा दूर है और शेष इलाकों में वर्षा का दौर जारी है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार शाम सात बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। दूसरी ओर कई इलाकों में छाए बादल जमकर बरसे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पाटन में सर्वाधिक दस सेमी., गुंडरदेही में 9, भाटापारा में 7 उसूर और बालोद में 6 तथा डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर अच्छी से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है।

# पंडरी बस स्टैंड की रिक्त जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव से शनिवार को प्रदेश के सराफा कारोबारियों ने मुलाकात कर पंडरी बसस्टैंड की खाली जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा, चूंकि यह शहर के बीच व सुरक्षित क्षेत्र में है, इसलिए इस भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण होता है, तो इससे शासन के राजस्व में वृद्धि एवं सराफा व्यवसाय के विस्तार की संभावना बढ़ेगी।

■ सराफा कारोबारी मिले डिप्टी सीएम अरुण साव से

श्री मालू ने बताया, वर्तमान में यह भूमि लगभग 8.50 एकड़ है इसके लिए पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क के लिए योजना बनाई गई थी और इसके लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर योजना को कार्यशील करने धरातल पर लाया गया था, किंतु अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाया।

अब इसी स्थान पर जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण करने की मांग रखी गई है। श्री साव से मिले प्रतिनिधिमंडल में कमल सोनी, प्रकाश गोलछा, हर्षवर्धन जैन, पवन सोनी, गौतम लोढ़ा, संजय कानूगा, प्रकाश सोनी, विजय सोनी व अन्य सराफा कारोबारी शामिल थे।

# नवीन कानून के प्रचार के लिए सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में रविवार को पुलिस विभाग द्वारा नये कानून कि जानकारी व प्रचार प्रसार के लिये सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, द्वारा सेमिनार में उपस्थित नगरवासियों व गणमान्य नागरिको को क़ानून में किये गये संसोधन कि जानकारी देते हुए बताया गया कि 01 जुलाई से नये कानून बीएनएस, बीएनएसएस एवं बीएसए भारतीय न्यायलय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू किये जाने को लेकर जागरूकता लाने सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को संसोधन हुए नये कानून कि जानकारी रहे। पहले कानून में मांब लिंचिंग और नफरती जैसे गंभीर अपराध में न्यूनतम सजा का प्रावधान था लेकिन अब नये कानून के तहत पांच लोग या अधिक लोगों के समूह द्वारा सामूहिक रूप से जाती या समुदाय आदि के आधार पर पर हत्या करने के मामले में हमलावर समूह के हर सदस्य को को कम से कम 7 साल कि सजा दी जाति थी अब नये कानून के तहत साल साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास कर दिया गया है। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए नगर के वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा ने कहा कि कानून कि जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिये, जानकारी के आभाव में बहुत सारी गलती हो जाति है जिसकी सजा एक आदमी नहीं भुगतता बल्कि पूरे परिवार को सजा का दंस



भुगतना पड़ता है। मनुष्य के शरीर में आत्मा का निवास होता है और आत्मा सब जानता है क्या सही है और क्या गलत इसलिये सभी लोगों को क़ानून का पालन अवश्य करना चाहिए।

नगर के वरिष्ठ नागरिक चमन साहू ने कहा कि आज हम जो सुरक्षित है वह कानून कि वजह से है, कानून के सिपाही पुलिस कानून व्यवस्था बनाये रखने रात दिन ड्यूटी करते हैं। कानून व्यवस्था के साथ शांति व्यवस्था कि जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस विभाग कि नहीं है यह हर आदमी का कर्तव्य है शांति व्यवस्था बनाये रखने अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को भी कानून कि जानकारी देनी चाहिए ताकि शुरू से ही बच्चे कानून के बारे में अच्छे से समझ सके। इस सेमिनार में प्रमुख रूप से नथमल शर्मा, अशोक दीक्षित, महेंद्र द्विवेदी, रोमनलाल ठाकुर, मनीष सारडा, प्रदीप सितलानी, इमरान मेमन, वकील, रुपनाथ बज़ारे, अनीश सोलंकी, यामिनी चंद्राकर, मोहित कुमार, रमेश कुमार शर्मा, दिनेश कोठरी, लोकेश्वर यादव वकील, विनोद कुमार देवांगन, चमन साहू, परमेश्वर पुलिस विभाग के मोहन ठाकुर, डिगेश साहू, हरिश, गिरधारी, मुरली आदि उपस्थिति थे।

### इंडिगो एयरलाइंस ने किया व्यास ट्रैवल्स को सम्मानित



**रायपुर।** बेहतर प्रदर्शन के लिए इंडिगो एयरलाइंस ने व्यास ट्रैवल्स को सम्मानित किया है। एयरलाइंस कंपनी के सेंट्रल इंडिया के सेल्स इंचार्ज संजीत भट्टाचार्य, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ इंचार्ज विक्रांत देशमुख, छत्तीसगढ़ के सेल्स प्रमुख अभिषेक शर्मा ने व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास, पंकज व्यास को इसके लिए सम्मानित किया। इस दौरान हरेन्द्र व्यास ने रायपुर से नए सेक्टरों के लिए विमान संचालित करने की मांग की। इंडिगो के प्रतिनिधियों ने बताया कि अगस्त से रायपुर-प्रयागराज की बंद उड़ान फिर से प्रारंभ की जाएगी।

# साहू समाज के शिविर में 25 ने किया रक्तदान



साहू समाज का हुआ वार्षिक अधिवेशन

**नवापारा-राजिम।** तहसील साहू संघ मगरलोड वार्षिक अधिवेशन ग्राम पाहंदा में संपन्न हुआ। यहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट प्रदान किया गया। इस अधिवेशन में तहसील साहू संघ मगरलोड के सभी ग्रामों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पांच वृक्ष लगाने का संदेश दिया गया एवं समाज में व्याप्त बुराईयों पर विचार किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, उपाध्यक्ष तोरण साहू, तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, ललित साहू, गोविंद साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष रोहित साहू, कार्तिक साहू, गयाराम साहू, छन्नूलाल साहू, गोविंद साहू, जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू, तहसील उपाध्यक्ष डॉ सुशीला साहू, खिलेश्वरी साहू, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदनी साहू, तनुजा साहू, डुमेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रहास साहू, तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लखन साहू, मीडिया प्रभारी राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

शोक-संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे है कि मेरे पति मेहत्तर राव जोशी (उम्र 78 वर्ष) का स्वर्गवास दिनाँक 21/06/2024 दिन शुक्रवार को हो गया है। अतः शोक की घड़ी में सहपरिवार पधारकर स्वर्गीय पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें। विधि के विधान के सामने हम सभी नतमस्तक है।



स्व. मेहत्तर राव जोशी

-:: कार्यक्रम ::-
तिजनाहवनः 24-06-2024, सोमवार
सम्पूर्ण कार्यक्रमः 24-06-2024, सोमवार
कार्यक्रम स्थल :- ग्राम- बुड़ेनी (राजिम)
तालाब कार्यक्रम दोपहर 1.00 बजे सम्पन्न होगा।

उक्त कार्यक्रम में सहपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

शोकाकुल:-
संतोषी बाई जोशी (बहू), केशव जोशी (नाती),
नितेश जोशी (नाती) एवं समस्त जोशी परिवार..

विनीत:-
केशरबाई जोशी (पत्नि)
ग्राम - बुड़ेनी (राजिम)

नोटः- जिन लोगों को शोक-पत्र नहीं मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### वीरांगना महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि आज, होंगे विविध कार्यक्रम

**महासमुंद**। आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा 52 गढ़ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 जून को वीरांगना महारानी दुर्गावती का पुण्यतिथि बागबाहरा रोड सितली नाला स्थित शंकराचार्य भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि



महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, विशिष्ट अतिथि सरायपाली विधायक चतुरी नंद, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, शासकीय कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष आरएन ध्रुव, शासकीय सेवक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, शासकीय सेवक संघ जिलाध्यक्ष एसपी ध्रुव, नगर पालिका सभापति डमरूधर मांझी होंगे। दोपहर 12 बजे शंकराचार्य भवन से रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम में वीरांगना महारानी दुर्गावती शहीद दिवस पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ जिला मुख्यालय महासमुन्द पर भी शहादत को नमन करते हुए श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के शिवकुमार ध्रुव ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने तथा संध्या अपने परिवार के साथ अपने घर आंगन, छत, गांव के चौक चौराहों, उपर्युक्त सुविधानुसार स्थान पर पांच दीपक जलाकर शहादत को नमन करने की अपील की है।

### खल्लारी में महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस कार्यक्रम आज

**महासमुंद**। अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ खल्लारी राज में 24 जून 2024 को वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया जाना है। जिसमें अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति रानी महल पिथौरा के सामाजिक पदाधिकारियों के आतिथ्य में वीरांगना रानी धर्मशाला भवन खल्लारी में यह कार्यक्रम होगा। सर्वप्रथम कलश यात्रा, गोंड़वाना नृत्य, सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए अतिथियों का उद्बोधन एवं प्रतिभावान 10वी व 12वी के छात्रों, खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा।

### शराब पिलाने की सुविधा पर कार्रवाई

**महासमुंद**। पटेवा पुलिस ने 22 जून 2024 को शाम करीब 7:10 बजे यात्री भोजनालय के सामने झलप में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यात्री भोजनालय के सामने ग्राम झलप में आरोपी सांता नायक पिता देवी लाल नायक 49 साल ढांक निवासी अवैध रूप से आम लोगो को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था, जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर पति-पत्नी से मारपीट मामला दर्ज

**महासमुंद**। पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम बरभांठा में पैसे की लेन देन की बात को लेकर बड़े भाई, भाभी और मां द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने से मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बरभांठा निवासी योगेश बंजारे ने पुलिस को बताया कि सुबह करीबन 8 बजे वह अपने ट्रैक्टर को अपने घर के सामने खड़ा कर रहा था तो उसका बड़ा भाई डिगेश्वर बंजारे, बिंदु बाई एवं पुन्नी बाई तीनों एक राय होकर पैसे की लेनदेन की बात को लेकर उसे गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली देने से मना करने पर डिगेश्वर बंजारे ने योगेश को चप्पल, डंडा से मारपीट करने लगा, लड़ाई, झगड़ा को देखकर योगेश की पत्नी कमलेश्वरी बंजारे आई तो उसके साथ भी गाली गलौज कर योगेश की भाभी बिंदु बाई, मां पुन्नी बाई ने हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा तीनों के द्वारा जान सहित मारने की धमकी दिया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 34, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

---


**जयंती : डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया**

# भाजपा डबल इंजन सरकार डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चल रही : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं देश के प्रथम उद्योग व आपूर्ति मंत्री डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। भाजपा मंडल राजिम अंतर्गत ग्राम किरवई के साहू समाज भवन बूथ क्रमांक 176, 177 एवं 178 के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा मंडल राजिम के पदाधिकारियों के साथ राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल सिन्हा की उपस्थिति में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा नेताओं द्वारा डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस दौरान सभी वक्ताओं ने डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवनचरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गांव की अनेक महिलाओं ने भाजपा की नीति रीति से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया जिसे विधायक व अन्य भाजपा नेताओं ने भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करने में कृत संकल्पित है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे, उन्होंने कश्मीर को लेकर अपने जीवन का बलिदान दिया इसलिए उनकी पुण्यतिथि भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। उन्होंने उनके बताए गए मार्ग पर चलने का सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।





### डॉक्टर मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई

जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हम सभी कार्यकताओं के लिए अनुकरणीय है। डॉक्टर मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया था। साथ ही कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान को लेकर आंदोलन किया था जिसके परिणाम स्वरूप कश्मीर से परमिट राज खत्म हुआ। मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था कि भारत में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान हो इसे वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा साकार किया गया। मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाकर पूरे देश में एक मिसाल कायम की है। इस दौरान कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक मोती साहू, रमेसर ध्रुव, सरपंच यथार्थ शर्मा, नरेश साहू, यशवंत सेन, धनेश्वरी साहू, श्यामलाल साहू, भूषण तारक, विजय ठाकुर, निकम साहू, दीपक साहू, रामानंद ध्रुव, विष्णु साहू, नंदकुमार विश्वकर्मा, भागवत साहू, जयलाल साहू, विष्णु साहू, रेखा साहू, गिविंद साहू, बृजराज साहू, सेवक साहू, परमेश साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**मैनपुर**। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर में जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपाइयों ने स्वर्गीय मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया, भाजपा मंडल गोहरापदर के अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू–कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन



बलिदान कर दूंगा, श्री मुखर्जी आज भारतीय युवाओं के लिए देशभक्ति के विचारों की प्रेरणा का केंद्र है, मंडल के विभिन्न बूथों में कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप मनाई। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक, पि.व.मोर्चा जिला महामंत्री जयराम साहू, अजा मोर्चा जिला महामंत्री चौनसिंह कश्यप, मंडल महामंत्री तानसिंह मांझी, कोषाध्यक्ष शोभितराम ध्रुवा, विद्याधर नागेश, पि.व.मोर्चा मंडल अध्यक्ष लंबोदर साहू, तुलसी सेन, पदमन नागेश, अर्जुन, भागीरथी दौरा, गुनसागर यादव, रोहित नागेश, सुरेश यादव, बीरबल बघेल सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

---

## योग भारत की प्राचीन परंपरा का उपहार : पूरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस मे बच्चे शिक्षक एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात प्रीतम बघेल द्वारा कटि चालन, ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम–विलोम, प्राणायाम,



वज्रासन, शशकासन, भ्रामरी प्राणायाम, भुजंगासन के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है। योग मन और विचार को नियंत्रित रखते हुए रक्त परिसंचरण और मांसपेशियों के विश्राम में मदद करता है।योग अस्थमा,मधुमेह का इलाज करते हुए.बेहतर पाचन तंत्र प्रदान करता है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा,शिक्षक टिकेंद्र यदु, कृपा राम बघेल, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू पूर्व शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष नंदू राम यादव, सरपंच प्रतिनिधि पीला चंद मांडले, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, भंवर लाल, रंजीत मिरे, सूरज मांडले, प्रीतम बघेल साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं स्वीपर यशवंत साहू उपस्थित थे।

## योग से तन मन रहता है स्वस्थ्य



**मुड़ागांव(कोरासी)**। संकुल केन्द्र जरगांव में 21 जून को योग दिवस पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। इसमें संकुल के शिक्षकों ने भाग लेकर योग के गुर सीखे तथा योग के विभिन्न प्रकारों को जिसमें प्राणायाम, कपालभांति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शिरशासन आदि अनेकों आसनों को शिक्षकों द्वारा किया गया। प्रधानपाठक मंगलमूर्ति सोनी ने योग के महत्व को बताया। वहीं शैक्षिक समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव ने कहा कि योग से तन मन स्वस्थ्य रहता है। आज के परिवेश में खान पान में आये बदलाव से शरीर में अनेकों प्रकार की बीमारियां समा रही है। योग से हम निरोग रह सकते हैं। योगी व्यक्ति भोगी नहीं बन सकता। मन की चंचलता को काबू रखने की आवश्यकता है। योग दिवस पर प्रमुख रूप से बंशीलाल साहू, मंगलमूर्ति सोनी प्रधानपाठक, प्रेमनारायण ध्रुव समन्वयक, पुखराज ठाकुर, भोगेंद्र ठाकुर व्याख्याता, श्यामरतन माण्डले, निरमिला ठाकुर, रामबती ध्रुव योगिता मिश्रा प्रधानपाठिका, गिरवर निषाद प्रधानपाठक आदि उपस्थित थे।

## शरीर के सफल संचालन के लिए योग आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में अंर्तराष्ट्रीय विश्व योग दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें शाला के बच्चे शिक्षको, पालकों एवं जनप्रतिनियों ने भाग लेकर योग किया। योग कार्यक्रम को लेकर प्रधानपाठक लता ध्रुव ने बताया कि शरीर के स्वास्थ की सफल संचालन के लिए सभी लोगों को योग करना चाहिए। योग करने से शरीर फुर्तीला जहां रहता है वहीं पर काम के प्रति अलगाव नहीं होता। योग का हमारे देश भारत में प्राचीन युग से महत्व रहा है। योग व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है।इसी प्रकार योग के बारे मे उपस्थित शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव, मोती ध्रुव, हीरामन लाल साहू, कमलकांत सेन एवं सरपंच बिसहत पारधी, जगनाथ गुप्ता, इंदरमन साहू, अनुसूया साहू, गुलशन सहित महिला- पुरूष योग दिवस मे उपस्थित थे।

## गृहमंत्री निवास घेराव में शामिल हुए युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



प्रदेश में लचार कानून व्यवस्था के चलते लगातार बढ़ते अपराधिक मामलों और बलौदाबजार हिंसा व फर्जी नक्सली मुठभेड़ जैसे मुद्दों के विरोध में रविवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस ने सयुक्त रूप से गृहमंत्री निवास का घेराव कर गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा की मांगा की है।

इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस राजिम विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू अपने कार्यकर्ताओ के साथ रायपुर पहुंचकर गृहमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार के अभी महज कुछ ही महीने पूरे हुए और अभी से ही प्रदेश में अपराधिक गतिविधियां बढ़नी शुरू हो गई है, महिला उत्पीडन जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं, चोरी–लूट और हत्याएं जैसे अपराध आम हो गए हैं जिसका सबसे मुख्य कारण लाचार कानून व्यवस्था और कानून व्यवस्था में खामियां हैं।भाजपा शासन में कानून व्यवस्था की हालत खस्ता है। इसने वर्षों में आज पहली बार प्रदेश हिंसा की आग में झुलस रहा है जिसका कारण केवल गृहमंत्री की निक्रियता है। बलौदाबाजार में हुई हिंसा इसी निक्रियता का परिणाम है। सतनामी समाज के धार्मिक स्थलों को खंडित कर लगातार उनकी आस्था पर चोट पहुंचाया जा रहा था जिसे देखते और सुनते हुए भी ये भाजपा सरकार चुप्पी साधे बैठी रही। ऐसी असंवेदनशील सरकार को नींद से जगाना ही पड़ेगा। इस घेराव में योगेश साहू के साथ विधनसभा सचिव मिथलेश पटेल, मानस साहू, आकाश यादव, तेजसिंह ठाकुर आदि समेत कई कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## उपसंचालक ने किसानों को दी मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी

**फिंगेश्वर** कृषि विभाग की महत्वाकांक्षी योजना मृदा स्वास्थ्य कार्ड अंतर्गत ग्राम सिर्रीकला विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्टी में मिट्टी परीक्षण की महत्ता को अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी कृषकों को दिया गया।




आगामी खरीफ सीजन धान के फसल के लिए बीज उपचार, जैविक उर्वरक एवं जैविक कीटनाशक वर्मी कंपोस्ट फसल प्रबंधन आदि की जानकारी चंदन राय के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि गरियाबंद रमेश निषाद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी फिंगेश्वर बीआर साहू, कृषि विकास अधिकारी खिलेश्वर साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उज्जवल शर्मा तथा कृषक पुरानीक साहू, डॉक्टर तुलाराम साहू, नारायण साहू,फाल्गुनी साहू, सतीश साहू, नानिक साहू, सुरेश रात्रे, मेघनाथ, लोकनाथ, संतु साहू आदि उपस्थित थे।

## दो बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठा रहे दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शिक्षा जीवन का आधार और प्रत्येक बच्चों का अधिकार है बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत शिक्षक दुष्यंत वर्मा दो बच्चों की पढ़ाई लिखाई का भार स्वयं उठाया है अपने गृह ग्राम परसदा में माता-पिता विहीन बच्ची शशि यादव कक्षा 5वीं और रोशनी यादव कक्षा 7वीं में अध्यनरत ये दोनों बहन माता-पिता विहीन अपने दादा डेरहू यादव के पास रहते हैं। पारिवारिक और आर्थिक स्थिति दयनीय होने से बच्चों की पढ़ाई में दिक्कत आ रही थी पर दोनों बच्चे पढ़ाई और खेलकूद में जागरुक है अतः दोनों बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए पढ़ाई लिखाई सततकम से चलती रहे इस के लिए शिक्षक दुष्यंत वर्मा ने बच्चों को स्कूलबैग, कॉपीसेट, कंपास, पानी बोतल, एक सायकल और आर्थिक सहायता



प्रदान किए हैं और आगे भी बच्चों की पूर्ण पढ़ाई तक मदद करते रहेंगे। उनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाएंगे, सामाजिक सहभागिता और शिक्षा के प्रति जागरूक शिक्षक दुष्यंत वर्मा वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में पदस्थ है। विद्यालय स्तर में भी बच्चों की पढ़ाई- लिखाई को बेहतर बनाने के लिए नित्य पालक संपर्क करते हैं। जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं उनके भी घर जाकर पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण करने की कोशिश करते हैं, ऐसे शिक्षक को पाकर विद्यार्थी गौरवान्वित महसूस करते हैं बच्चों के शिक्षण संवर्धन के लिए शिक्षक दुष्यंत वर्मा हमेशा प्रयास रहते हैं उनका कहना है की निश्चित ही मैंने कोई जन्म में पुण्य कर्म किया है कि मुझे सैकड़ों विद्यार्थियों को पढ़ाने जीवन संवारने और मां सरस्वती की सेवा का अवसर मिला है मेरा जीवन बच्चों के लिए हमेशा समर्पित रहेगा।





